# चुन्नटदार मास्क

*चुन्नटदार मास्क बनाने का यहां एक मजेदार और आसान ट्यूटोरियल है*






**सामग्री की सूची**

एक कपड़ा लें जो 7-1/2 इंच लंबा और 8-1/2 इंच चौड़ा हो। हम मास्क के लिए मध्यम वजन के सूती कपड़े का सुझाव देते हैं।
अस्तर का कपड़ा लें जो 7-1/2 इंच लंबा और 8-1/2 इंच चौड़ा हो।
कान के छोरों के लिए इलास्टिक की 2 पट्टियां जिसकी लंबाई 10 इंच हो। इलास्टिक सपाट और नरम होना चाहिए।
चुन्नटदार मास्क का टेम्पलेट जो आप हमारी वेबसाइट www.ushasew.com से डाउनलोड कर सकते हैं
चाक
और धागा




मास्क के कपड़े को सीधी तरफ से टेबल पे बिछाएं

8-1/2 इंच चौड़ा और 7-1/2 इंच लंबा



अब इसके ऊपर कपड़ा रखें, सीधा वाला हिस्सा एक दूसरे के आमने सामने होना चाहिए। दिखाए अनुसार दोनो कपड़ों को एक साथ पिन करें।

पिन किए गए कपड़े को अपनी सिलाई मशीन पे ले जाएं, इस प्रोजेक्ट के लिए हम उषा वंडरस्टिच प्लस का उपयोग कर रहे हैं |




इसे प्रेसर फुट के किनारे पर संरेखित करें| पैटर्न सेलेक्टर डायल को स्ट्रेट स्टिच के लिए A को सेट करें| धागे के तनाव को 4 पर रखें|






और दाईं तरफ लंबाई के बीच से सिलाई शुरू करें। किनारों तक सिलते रहें। जब आप किनारे पर पहुंचेंगे, कपड़े को पिवट करें दिखाए अनुसार सुई को कपड़े से हटाए बिना। यह सुनिश्चित करेगा कि पुरे मास्क में एक निरंतर सिलाई है। तब तक सिलते रहें जब तक आप उस तरफ न पहुंच जाए जहां से शुरू किया था, और फिर शुरुआती सिलाई और अभी की सिलाई मे 2 इंच का गैप छोड़ दें। अतिरिक्त धागे को काटें और पिन हटा दें।अब 2 इंच के गैप का इस्तेमाल दिखाए अनुसार कपड़े को अंदर से मोड़ने के लिए करें।




मोड़ते समय यह सुनिश्चित करें कि आप कपड़े के किनारों को अपनी उंगलियों का उपयोग करते हुए सही से मोड़ें। इसके बाद हम कपड़े के किनारों को अच्छा करने के लिए इसे इस्त्री करेंगे। किनारों पर विशेष रूप से इस्त्री करें। यह करने के बाद सिले हुए कपड़े के सीधे हिस्से को ऊपर रखें और उस पर मास्क का टेम्पलेट रखें। चाक लें और कपड़े पर टेम्पलेट के चिन्हों के अनुसार निशान लगाएं।




ये निशान आपको चुन्नट बनाने में मदद करेंगे। टेम्पलेट निकालें और अब हम इसे मोड़ेंगे।

दिखाए अनुसार नीचे से शुरू करें। लगाए गए निशान पर कपड़े को चुटकी से पकड़ें और इसे नीचे की तरफ मोड़ें, क्रीज लाइन को पिन करें। अन्य दो निशानों के लिए भी यही प्रक्रिया दोहराएं। चुटकी से पकड़ें, मोड़ें और पिन करें।




कपड़ा इस तरह दिखना चाहिए। अब हमें चुन्नट को सिलना है। मास्क के किनारे को प्रेशर फुट तक संरेखित करें और सिलाई शुरू करें। सिलने के साथ-साथ पिन निकालते रहें।

धागा कटर से अतिरिक्त धागे को काटें और दूसरी तरफ इसी प्रक्रिया को दोहराएं। इस के साथ आपने चुन्नट को मास्क से जोड़ दिया है और 2 इंच के गैप को जोड़ दिया है।

यह लगभग बन चुका है। अगला चरण, दो ¼ इंच चौड़े और 10-1/4 लंबे इलास्टिक बैंड लें, ये मास्क के लिए कान के छोर होंगे।

इलास्टिक बैंड को आधा मोड़े और बीच के हिस्से को सिलें जहां बैंड आधा इंच ओवरलैप करते हैं।



रिवर्स स्टिच सेलेक्टर की मदद से रिवर्स स्टिच कर के टांके को मजबूत करें। दूसरे इलास्टिक बैंड के लिए भी यही प्रक्रिया दोहराएं।बैंड तैयार हो जाने के बाद, एक बैंड को मास्क के पीछे के किनारे पर लंबवत रखें, मास्क को आधा इंच अंदर की तरफ इस तरह से मोड़ें कि इलास्टिक लॉक हो जाये,

यह सब सही जगह करने के लिए किनारो को सिलें। चारो तरफ सिलते रहें और किसी भी अतिरिक्त धागे को काट लें ।



मास्क के दूसरी तरफ भी ऐसा ही करें । आपका बना हुआ मास्क इस तरह दिखना चाहिए ।

क्या यह आसान नहीं था? अब आप अपने हर मूड को मैच करने के लिए फटाफट से फैशनेबल मास्क बना सकते हैं। इसे आप अपने दोस्तों और परिवार के लोगो को देने के लिए भी बना सकते हैं। 1. यह एक यूनिसेक्स मास्क है, जिसे महिला और पुरुष दोनो पहन सकते हैं। याद रखें कि बाहर निकलते समय अपना मास्क हमेशा साथ रखें और सुनिश्चित करें कि मास्क आपके चेहरे को पूरी तरह से ढके।